प्रेस विज्ञप्ति

पासपोर्ट सेवा केंद्र, बरेली में 24 मार्च, 2018 को PCC मेले का आयोजन

पासपोर्ट कार्यालय बरेली के कार्यक्षेत्र में आनेवाले पासपोर्ट धारकों हेतु PCC बनवाने के लिए **24 मार्च, 2018** को पासपोर्ट सेवाकेंद्र बरेली, राधाकृष्ण टावर, सीसी-146 ए (वुडरो स्कूल के सामने) पीलीभीत बाईपास रोड बरेली में PCC मेला आयोजित किया जा रहा है। PCC मेले के दौरान PCC के लिए आनलाइन अप्वाइंटमेंट लेकर आनेवाले आवेदकों के ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक आवेदक नीचे दी गई प्रक्रिया के माध्यम से अपना PCC आवेदन जमा कर सकते है।

मेले में आवेदन जमा करने के लिए आवेदक पहले आनलाइन फार्म भरकर(जो कि www.passportindia.gov.in पर उपलब्ध है), आवश्यक शुल्क जमा कर तथा आनलाइन अप्वाइंटमेंट लेकर एवं प्रत्येक आवश्यक दस्तावेजों की मूल एवं एक स्वप्रमाणित प्रति एवं अपने एआरएन शीट सहित अप्वाइंटमेंट समय के अनुसार पासपोर्ट सेवा केंद्र, बरेली पहुंचें। मेले के लिए अप्वाइंटमेंट दिनांक **21 मार्च, 2018** को शाम **4:00** बजे से www.passportindia.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे।

पासपोर्ट अधिकारी
बरेली।

दिनांक: 20.03.2018